**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–26 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी दो हजार पचीस का किया उद्‌घाटन। कहा–मेक इन इंडिया पर ध्यान केन्द्रित कर रही है सरकार।
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने मथुरा जिले के वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में किया दर्शन पूजन। सुदामा कुटी में अपनी मां के नाम कल्प वृक्ष का पौधारोपण भी किया।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल मिर्जापुर में जीएसटी बचत उत्सव में हुईं शामिल। कहा–बहुत बड़ा आर्थिक परिवर्तन लाने जा रहा है जीएसटी सुधार।
- शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की हो रही है पूजा अर्चना। सभी प्रसिद्ध शक्तिपीठों पर उमड़ी है श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल सुबह ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी 2025 का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवधानों और अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निरंतर विकास हो रहा है।

**दुनिया में हो रही डिस्क्रिप्शन और अनसर्टेंटी के बावजूद भारत की ग्रोथ आकर्षक है। डिस्क्रिप्शन हमें भटकाते नहीं लेकिन हम उस परिस्थिति में भी नई डायरेक्शन खोजते हैं, नई डायरेक्शन का मौका ढूंढते हैं। इसलिए इन डिस्क्रिप्शन के बीच भारत आने वाले दशकों की नींव मजबूत कर रहा है और इसमें भी हमारा संकल्प है, हमारा मंत्र है, आत्मनिर्भर भारत।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनना ही होगा और इसके लिए सरकार मेक इन इंडिया पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

**हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं और इसलिए आपकी ऐज ऑफ बीइंग बिजनेस के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। सरकार ने 40 हजार से ज्यादा कंप्लेंट खत्म किए हैं। जिन छोटी–छोटी गलतियों पर आपके खिलाफ केस होता था। ऐसे सैकड़ों नियम उनको सरकार ने डी क्रिमिलाइज कर चुकी है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक रक्षा गलियारा विकसित किया जा रहा है जहाँ ब्रह्मोस मिसाइलों और अन्य हथियार प्रणालियों का निर्माण शुरू हो चुका है। उन्होंने बाईस सितम्बर से लागू किए गए जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सुधार जीएसटी पंजीकरण को सरल बनाएंगे, कर विवादों को कम करेंगे और एमएसएमई के लिए रिफंड में तेजी लाएंगे, जिससे हर क्षेत्र को लाभ होगा।

**2200 से अधिक एक्जीबिटर्स अपने प्रोडक्ट और सर्विसेज का प्रदर्शन कर रहे है। इस बार ट्रेड शो का कंट्री पार्टनर रूस है यानीइस ट्रेड शो में हम एक टाइम टेस्टेड पार्टनरशिप को और भी मजबूत कर रहे हैं।**

इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का विशिष्ट अवसर है। अपने सम्बोधन में उन्होंने भी जीएसटी सुधारों के बारे में चर्चा की।

**हम लोगों ने इस बात का एहसास किया है कि मार्केट में एक नई जीवंतता देखने को मिली है। उपभोक्ता तेजी के साथ बाजार की ओर रुख किया है। क्या गरीब, क्या किसान, क्या श्रमिक क्या व्यापारी हर एक तबके को जैसे एक नया जीवन दान मिला है।**

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल मथुरा जिले के वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन पूजन किया। अपने एक दिवसीय दौरे में वह निधि वन भी गईं। एक रिपोर्ट–

**राष्ट्रपति दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से एक विशेष रेलगाड़ी द्वारा वृंदावन पहुँचीं। प्रदेश के मंत्री लक्ष्मीकांत चौधरी ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति ने परिवार के साथ वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन किये। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए मंदिर को देसी व विदेशी फूलों से सजाया गया था। राष्ट्रपति बांके बिहारी मंदिर में करीब 30 मिनट तक रहीं। इस दौरान मंदिर के आसपास सुरक्षा के इंतजाम किए। उन्होंने वृन्दावन में निधिवनराज मंदिर पहुंचकर, परिक्रमा की। उन्होंने निधिवनराज मंदिर में आधा घंटे तक रुककर दर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने परिवार के साथ बिहारी जी की प्राकट्य स्थली के दर्शन किए। सुदामा कुटी में भजनकुटी का लोकार्पण करने के बाद राष्ट्रपति ने यहां अपनी मां के नाम कल्प वृक्ष के पौधे को रोपण किया। राष्ट्रपति ने वृंदावन में श्रीकृष्ण कुब्जा मन्दिर में पूजा अर्चना की और वहां श्रीकृष्ण कुब्जा के बारे में जाना, इसके बाद राष्ट्रपति ने सपरिवार भगवान श्रीकृष्ण जन्म भूमि पर दर्शन पूजन किया। मुहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।**

**********

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल कल मिर्जापुर में जीएसटी बचत उत्सव पद यात्रा में शामिल हुईं। उन्होंने नए सुधारों को लेकर दुकानदारों व व्यवसायियों से संवाद किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारत की टैक्स यात्रा में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार मील का पत्थर हैं।

**जीएसटी बचत उत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है और भारत की टैक्स यात्रा में जीएसटी टू पॉइंट ओ अपने आप में एक मील का पत्थर है। एक अहम पड़ाव है जो बहुत बड़ा आर्थिक परिवर्तन लाने जा रहा है।**

प्रदेश सरकार में मंत्री डॉ सुनील कुमार शर्मा ने सहारनपुर में, कपिल देव अग्रवाल ने हापुड़ में और असीम अरुण ने गाजियाबाद जिले में पत्रकारों से बातचीत कर जीएसटी दरों में हुए बदलावों के प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

**********

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरों को कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत पहुंचा रहे हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**पर्यावरण–अनुकूल परिवहन को और सुगम बनाने के लिए, सरकार ने साइकिल पर लगने वाले करों में कटौती की है। नए कर ढाँचे के अंतर्गत साइकिल पर लगने वाले कर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस कदम से लोग कम कीमत में साइकिल खरीद पाएंगे जिससे पर्यावरण–अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इसी प्रकार, जीएसटी परिषद् ने साइकिल के कलपुर्जों पर कर को 5 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 12 प्रतिशत हुआ करता था। नए जीएसटी सुधारों के लागू होने से पहले राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने की अपील की, उन्होंने कहा कि स्वदेशी सामान खरीदने से घरेलू उद्योगों, छोटे निर्माताओं और स्थानीय कारीगरों को मजबूती मिलेगी और इससे भारत आत्मनिर्भर बनेगा। शिवांग मिश्रा और दृष्टि के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। 'सेवा पर्व' की विशेष श्रृंखला में हम जानेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने रक्षा निर्यात को प्रोत्साहन दिया और रक्षा खरीदारी को मजबूत किया।

**पिछले दशक में रक्षा निर्यात चौंतीस गुना बढ़कर 2024–25 में 23 हजार 622 करोड़ रुपये तक पहुँच गया। केवल वर्ष 2024–25 में ही एक हजार 700 से अधिक निर्यात सौदे किए गए। भारत अब अमरीका, फ्रांस और आर्मेनिया सहित 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति करता है। इनमें बुलेटप्रूफ जैकेट, गश्ती नौकाएँ, हेलीकॉप्टर, रडार और टॉरपीडो जैसी उन्नत प्रणालियाँ भी शामिल हैं। इस वर्ष 6 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर के कटरा में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा था कि पिछले दस वर्षों में भारत एक बड़ा रक्षा निर्यातक बन गया है।**

**आपने देखा है कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत दिखाई है। दुनिया, भारत के डिफेंस इकोसिस्टम की चर्चा कर रही है और इसके पीछे एक ही कारण है हमारी सेनाओं का मेक इन इंडिया पर भरोसा। पिछले 10 वर्षों में भारत एक बड़ा डिफेंस एक्सपोर्टर बना है। अब हमारा लक्ष्य है दुनिया के टॉप डिफेंस एक्सपोर्टर्स में भारत का नाम भी शामिल हो।**

**पिछले एक दशक में भारत की रक्षा नीति आत्मनिर्भरता के सिद्धांत पर आधारित रही है। रक्षा खरीद प्रक्रिया को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाले आत्मनिर्भर भारत अभियान के आधार संशोधित किया गया है। मुकेश कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर जौनपुर जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ चौकिया माता मंदिर सहित प्रदेश के कई अन्य शक्तिपीठों पर भी माता के दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है।

**********

भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम ए के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चल रहे टेस्ट मैच में कल भारत की टीम ने दो विकेट पर एक सौ उनहत्तर रन बना लिए। टीम को जीत के लिए अभी भी दो सौ तैंतालिस रन बनाने हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम की दूसरी पारी के बाद भारत को चार सौ बारह रन का लक्ष्य मिला था।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में एक अक्टूबर तक, जबकि पूर्वी जिलों में आज, अट्ठाइस और उन्तीस सितम्बर को कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग ने पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि कल, तीस सितम्बर और एक अक्टूबर को पूर्वी जिलों में भी कुछ स्थानों पर मौसम की यही स्थिति रहेगी।

**********